बिरगांव, कोरबा में ईएसआइसी अस्पताल शुरू करने पर चर्चा

बैठक में श्रम मंत्री शिव कुमार डहरिया (मध्य में) व अन्य अधिकारी। • नईदुनिया

रायपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कर्मचारी राज्य बीमा निगम की क्षेत्रीय परिषद की बैठक हुई। इसमें राज्य में बीमित व्यक्तियों व उनके परिवार के सदस्यों को मिलने वाले लाभों व चिकित्सा व्यवस्था के संबंध में निर्णय लिए गए।

बता दें कि बिरगांव व कोरबा में ईएसआइसी अस्पताल तैयार हो चुके हैं। इसके शुभारंभ के बीच जहां कोरबा अस्पताल में कोविड सेंटर प्रशासन संचालित होने की वजह से ईएसआइसी को अस्पताल हैंडओवर होने में समस्या आ रही है। दूसरी ओर, बिरगांव में नगर निगम द्वारा भवन निर्माण पूरा होने के संबंध में अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दिए जाने की वजह से सेवाएं शुरू नहीं कर पा रहे हैं। विभाग ने दोनों अस्पतालों का शुभारंभ फरवरी में होने की बात कही गई थी। लेकिन अब तक अस्पताल शुरू ना होने से लाखों हितग्राही लाभ से वंचित हैं। बैठक में श्रम व नगरीय प्रशासन मंत्री डा. शिव कुमार डहरिया ईएसआइसी को अस्पताल हैंडओवर कराने व कागजी प्रक्रिया को जल्द पूरा कराने आश्वासन दिया। बैठक में श्रम विभाग के अधिकारी अमृत कुमार खलखो, ईएसआइसी के क्षेत्रीय निदेशक अमरनाथ तिवारी, राज्य बीमा सेवाएं के प्रभारी डाक्टर राजेश डेगन समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

इन मुद्दों पर हुई चर्चा

अधिकारियों ने बताया कि बिलासपुर जिले में 100 बिस्तरों का अस्पताल खोलने, कमल विहार में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के क्षेत्रीय कार्यालय निर्माण का प्रस्ताव, कैशलेश बिलों और बीमाकृत व्यक्तियों के भुगतान से संबंधित आवेदनों के जल्द निराकरण आदि मुद्दों पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने कहा कि जमीनी स्तर पर ईएसआइसी द्वारा बेहतर व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए हैं।